तेरा नजरे करम मुझ पर प्रभु इक बार हो जाए भजन लिरिक्स



तेरा नजरे करम मुझ पर,
प्रभु इक बार हो जाए,
मेरी सूनी पड़ी बगिया,
प्रभु गुलज़ार हो जाए,
तेरा नजरें करम मुझ पर,
प्रभु इक बार हो जाए।bd।

तर्ज – सजा दो घर को गुलशन।

सुना हमने बहुत बाबा,
संवारी बिगड़ी लाखों की,
संवारी बिगड़ी लाखों की,
मेरी भी थाम लो नैया,
कि ये भी पार हो जाए,
तेरा नजरें करम मुझ पर,
प्रभु इक बार हो जाए।bd।

मेरी हर सांस चाहती है,
श्याम तेरा भजन करना,
श्याम तेरा भजन करना,
हो ऐसा भाव होंठो पर,
तुझे स्वीकार हो जाए,
तेरा नजरें करम मुझ पर,
प्रभु इक बार हो जाए।bd।

मेरे जीवन की ऐ बाबा,
सिर्फ ये एक ख्वाहिश है,
सिर्फ ये एक ख्वाहिश है,
ले अंतिम सांस जब 'आदि',
तेरा दीदार हो जाए,
तेरा नजरें करम मुझ पर,
प्रभु इक बार हो जाए।bd।

तेरा नजरे करम मुझ पर,
प्रभु इक बार हो जाए,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरी सूनी पड़ी बगिया,
प्रभु गुलज़ार हो जाए,
तेरा नजरें करम मुझ पर,
प्रभु इक बार हो जाए।bd।

Singer / Lyrics – Aditya Goyal “Adi”

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com